DAINIK JAGRAN 15 NOV 2015

D.J. 15/11/15

(5)

उपमुख्यमंत्री ने लिया विकास कार्यों का जायजा

उपमुख्यमंत्री डॉ. निर्मल सिंह जम्मू शहर में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लेते हुए।

- सभी योजनाओं को तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश

जागरण संवाददाता, जम्मू : उप-मुख्यमंत्री डॉ. निर्मल सिंह ने शनिवार को इकोनामिक रिकंस्ट्रक्शन एजेंसी(ईरा) के अधिकारियों के साथ एक बैठक कर शहर व आसपास के इलाकों में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। डॉ. सिंह ने अधिकारियों को सभी योजनाओं को तय समय सीमा में पूरा करने का निर्देश भी दिया।

डॉ. निर्मल सिंह ने ईरा को विभिन्न योजनाओं को जल्द पूरा करने व पेश आ रही अड़चनों को दूर करने के लिए संबंधित विभागों के साथ समय-समय पर बैठक कर हल निकालने की सलाह दी। उन्होंने विकास योजनाओं में इस्तेमाल हो रही सामग्री की समय-समय पर जांच कर गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। ईरा के सीईओ विनोद शर्मा ने उप-मुख्यमंत्री को बताया कि एशियन डेवलपमेंट फंड के तहत 150 किलोमीटर को चौड़ा किया गया जबकि नौ पुलों का निर्माण पूरा किया गया है। इसके अलावा पेयजल आपूर्ति योजना के तहत 336 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाई गई, 53 वाटर स्टोरेज रेजरवायर तैयार किए गए, 54 ट्यूबवेल बनाए गए और 38 ट्यूबवेल की मरम्मत कर उन्हें दोबारा सप्लाई योग्य बनाया गया। उन्होंने कहा कि सीवरेज योजना के तहत 39 किलोमीटर ड्रेनेज पाइप बिछाने, 24 शौचालय बनाने तथा जम्मू नगरनिगम के लिए वाहन खरीदे गए। उप-मुख्यमंत्री ने इसके पश्चात मौके पर जाकर ईरा की कुछ योजनाओं का जायजा भी लिया। डॉ. सिंह ने इसके पश्चात पीडीडी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर जम्मू में बिजली ढांचा बेहतर बनाने की दिशा में उठाए जा रहे कदमों की भी समीक्षा की।